# चार औद्योगिक स्मार्ट सिटी बन रही

**नई दिल्ली।** दिल्ली-मुंबई औद्योगिक गलियारे (डीएमआईसी) के तहत गुजरात, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में चार नये औद्योगिक शहरों का विकास किया जा रहा है।

वहां, प्रमुख बुनियादी ढांचागत काम पूरा हो चुका है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इन शहरों में 16,750 करोड़ से अधिक के निवेश के साथ कंपनियों को 138 भूखंड (754 एकड़) आवंटित किए गए हैं। इन शहरों/नोड्स के प्रमुख (एंकर) निवेशकों में ह्योसुंग (दक्षिण कोरिया), एनएलएमके (रूस), हायर (चीन), टाटा केमिकल्स और अमूल शामिल हैं। दूसरे औद्योगिक गलियारों में 23 नोड्स/ परियोजनाएं, योजना और विकास के विभिन्न चरणों में हैं।